पूर्व मध्य रेल

कार्यालय
महाप्रबंधक/कार्मिक
हाजीपुर

सं0 –ईसीआर/एचआरडी/एमपीपी/Skill Development/2015 दिनांक : 03.08.2022

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर

विषय–सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित करने के संबंध में।

****

पूर्व मध्य रेल के विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों में रेल कौशल विकास योजना के अन्तर्गत नवयुवको/नवयुवतियों के लिए लघु अवधि (3 सप्ताह) के तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इसके तहत Electrician, Welder, Fitter, Machinist, Electronics & Instrumentation ट्रेडों में प्रशिक्षण के अगले बैचों के लिए आवेदन की सांकेतिक सूचना प्रमुख समाचार पत्रों (अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषाओं में यथा रूप) में दिनांक : 06.08.2022 को या इससे पूर्व प्रकाशित करने की व्यवस्था की जाए। जिसकी प्रति **अनुलग्नक –"क"** संलग्न है।

प्रकाशन व्यय लेखाशीर्ष 03–313–99 में प्रभार्य होगें जहॉ वर्ष 2022–23 हेतु आवश्यक निधि उपलब्ध है।

उपरोक्त अधिसूचना (द्विभाषी रूप में) पूमरे के वेबसाइट लिंक **www.ecr.indianrailways.gov.in→HajipurHQ→Personnel→TrainingCentres→Rail KaushalVikasYojna** पर अपलोड कर दिया गया है।

संलग्नकः यथोक्त।

03/8/2022

(प्रभात कुमार)
सहायक कार्मिक अधिकारी/एमपीपी
कृते महाप्रबंधक/कार्मिक

CamScanner

पूर्व मध्य रेल

रेल कौशल विकास योजना के तहत युवाओं के कौशल विकास हेतु तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम की संक्षिप्त सूचना

सं0 –ईसीआर/एचआरडी/एमपीपी/Skill Development/2015 दिनांक 03.08.2022

रेल कौशल विकास योजना के अंतर्गत वर्ष 2022–23 के आगामी बैच के लिए पूर्व मध्य रेल के 04 नामित प्रशिक्षण केन्द्रों पर नवयुवकों/नवयुवतियों केलिए लघु अवधि (3 सप्ताह) के प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण केन्द्रों एवं ट्रेडवार निर्धारित सीटों की संख्या निम्नवत है:–

क्रम सं0	प्रशिक्षण संस्थान का नाम एवं पता	ट्रेड	प्रत्येक बैच में प्रशिक्षुओं की संख्या
1	पर्यवेक्षक प्रशिक्षण केन्द्र, समस्तीपुर	फीटर	20
2	बेसिक प्रशिक्षण केन्द्र, कैरिज रिपेयर वर्कशॉप, हरनौत, नालंदा	वेल्डर	20
		मशीनिस्ट	20
3	इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन प्रशिक्षण केन्द्र, गया कॉलोनी, दीन दयाल उपाध्याय, जिला–चंदौली (यूपी)	इलेक्ट्रीशियन	20
4	सिग्नल एवं दूर संचार प्रशिक्षण केन्द्र, नेउरा कॉलोनी, रोड नं0–15, दानापुर	इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रुमेंटेशन	25

इस प्रशिक्षण हेतु उपरोक्त ट्रेड में ITI प्रमाण पत्र धारक होना अनिवार्य नहीं है। **प्रशिक्षण बिल्कुल निःशुल्क है**, परन्तु प्रशिक्षणार्थियों को अपने रहने , खाने–पीने , आवागमन आदि की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

अर्हता– हाई स्कूल उत्तीर्ण

उम्र–18 से 35 वर्ष

आवेदन हेतु पोर्टल खुलने की तिथि:– 07.08.2022 (00:00 hrs)

पोर्टल बंद होने की तिथि:– 20.08.2022 (23:59 hrs)

प्रशिक्षण हेतु आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी प्रशिक्षण हेतु आवेदन एवं विस्तृत जानकारी/शर्तो के लिए वेबसाईट WWW.railkvy.indianrailways.gov.in का अवलोकन करें। ऑफलाइन माध्यम से कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(प्रभात कुमार)
...क कार्मिक अधिकारी (एम.पी.पी.)
पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर

CamScanner